करबला

क़तआत का मजमूआ

IMAMIA YOUTH ORGANIZATION
www.imamiayouth.in, Ph: 9336100559

2022

बिस्मिल्लाहिर रहमानिर रहीम

लश्कर बना दिया

ज़र्रों को आफ़ताब से बेहतर बना दिया
कमज़ोर थे जो उनको तवंगर बना दिया
तन्हा थे कल हुसैन (अ) मगर आज देखिए
हल मिन की एक गूँज ने लश्कर बना दिया

करबला कुछ और है

क्या हुसैनिय्यत अलग, राहे खुदा कुछ और है?

करबला की राह क्या इसके सिवा कुछ और है?

पहले इसको सिर्फ़ इक दश्ते बला समझे थे लोग

अब समझ में आ गया है करबला कुछ और है

करबला का रास्ता

चुन रहे हो चुन लो शिम्रो हुरमुला का रास्ता
हम ने अपनाया शहीदाने वफ़ा का रास्ता
यूँ न होते दौरे हाज़िर के यज़ीदों से ज़लील
काश तुम भी देख लेते करबला का रास्ता

जज़्बए ईसारो ख़िदमत

आइए इश्क़ो मुहब्बत करबला में देखिए

जज़्बए ईसारो ख़िदमत करबला में देखिए

देखिए इंसानियत है किस तरह ज़िन्दा यहाँ

क्या है मज़लूमों की ताक़त करबला में देखिए

दर हुसैन (अ) का

दिल में करोड़ों लोगों के है घर हुसैन (अ) का
है ज़ालिमों के दिल में मगर डर हुसैन (अ) का
हुर बन के जब भी चाहो चले आओ तुम यहाँ
हर इक के वास्ते है खुला दर हुसैन (अ) का